**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY SAMPLE QUESTION PAPER 2023**

Part – II
**HINDI**
Maximum : 80 Scores

Time : 2-30 Hours
Cool – off time : 15 Minutes

**सामान्य निर्देश :**

* प्रश्न वाचन और चिंतन केलिए 15 मिनट का समय है।
* उत्तर लिखने से पहले प्रश्न को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
* स्कोर और समय पर धयान देकर उत्तर लिखें।
* सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें।

1. "मातृभूमि" - कविता का रचनाकार कौन है ? ( जयशंकर प्रसाद,मैथिलीशरण गुप्त,सूरदास)

2.सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ हुआ ? (नागपूर,नई दिल्ली,सूरिनाम)

3."ज़मीन एक स्लेट का नाम है" -किस विधा की रचना है ? (कविता,निबंध,आत्मकथा)

4.मज़दूरिन सपने में क्या देख रही है ? (विस्तृत घर,झोंपडी,गाड़ी)

5."जो कितनी ही यात्राओं में ढो चुका था मेरा सामान ।" -कौन ? (कुली,मज़दूरिन,पीर)

सूचना : कविताँश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

" इधर इष्टदेव का
इष्ट नैवेद्य है कुमुद फूल"
मार्गदर्शी ज्यों
यों कहकर किसी कोने में,
मृत जल-साँप ज्यों
लटके लंबे डंठलों के
छोरों पर खिले
श्वेत कुमुद फूल बेचनेवालियाँ,
" मेरे हाथ से,मेरे हाथ से।"
मेरे सम्मुख आकर
बोली कोई लड़की
मुरझाए फूल की डंठल -ज्यों।

6. इष्टदेव का इष्ट नैवेद्य क्या है ? (कुमुद फूल,फल,नारियल) (1)
7.लटके हुए डंठलों की तुलना किससे की गई है? ( 2)

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए ? (6)

**सूचना : 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।**

9. "मातृभूमि " - का मुकुट क्या -क्या हैं? (2)

10.पारामारिबो शहर लेखक को भारतीय शहर जैसा लगा । क्यों ? (2)

11. शहरी लड़का मुरकी को कहाँ छोड़ा ? कब ? (2)

12.रजिस्ट्री के पहले पिताजी को खेत देखने की इच्छा हुई । क्यों ? (2)

**सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। (3×4 =12)**

13. ये दोस्ती ...........
हम नहीं तोडेंगे
तोडेंगे दम मगर
तेरा साथ ना छोडेंगे।
**दोस्ती** के महत्व पर टिप्पणी तैयार करें।

14. जीवन वृत्त पढें और डॉ.जे.बाबू के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें।

जीवन _ वृत्त

| | |
|---|---|
| नाम | - ड़ॉ .जे बाबू |
| जन्म | - 1952 |
| जन्मस्थान | - केरल राज्य के तिरुवनंतपुरम |
| प्रमुख रचनाएँ | - मुक्तधारा , उलझन, उलाहना आदि कविता संकलन |
| पुरस्कार | - बिपाषा अखिल भारतीय कहानी पुरस्कार, हिंदीतर भाषी लेखक पुरस्कार |

15. नभ गुँजाती
नीड़ गिरे शिशु पै
मँडराती माँ।
हाइकू के आधार पर इन पंक्तियों का आशय लिखें।

16. मैंने उसके चेहरे से उसे
कभी नहीं पहचाना,
केवल उस नंबर से जाना
जो उसकी लाल कमीज़ पर टँका होता।
कवितांश का आशय लिखें।

17. ये कथन पढें और बादशाह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

* तीन दफ़ा सुनने के बाद भी दिल को करार नहीं आया।
* दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ।

**सूचना : गद्यांश पढें और 18 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना। इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना। बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना। हमारी पीढी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ।

18. भारत की सेवा का अर्थ क्या है? (2)

19. गद्यांश का संक्षेपण करें। (6)

सूचना : 20 से 23 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। **(3×6=18)**

20. पद पढें और भावार्थ लिखें।

जबहीं बन मुरली स्रवन
चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरी।।
कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहू नाहिं डरीं ।
स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की ढरनी ढरीं।
सुत पति नेह भवन जन संका लज्ज़ा नहीं करी।
"सूरदास" प्रभु मन हरि लीन्हो नागर नवल हरी ।।

21. अग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें।

Student life is very important. It is the foundation of future. It is a preparation for the whole life. Future success depends on how it is spent. Students are the leaders of tomorrow. A student learns many new things.
( Foundation - नींव,Future -भविष्य,Preparation - तैयारी, Whole life - पूरा जीवन,Success – कामयाबी, Depends - निर्भर , Spent - बिताना )

22. बाप का खत पढ़कर बेटी के मन में परेशानी आई। बेटी की उस दिन की डायरी कल्पना करके लिखें।

23. आपके स्कूल में अक्तूबर- 2 का गाँधी जयंती का आयोजन हो रहा है। केरल के शिक्षा मंत्री समारोह का उद्घाटन करेंगे। उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

24.सही मिलान करें। **(8×1)**

| | | |
|---|---|---|
| Percent | - | बट्टा |
| Energy | - | विषाणु |
| Sociology | - | प्रतिशत |
| Discount | - | जंतुविज्ञान |
| Virus | - | ऊर्जा |
| Zoology | - | वाणिज्य |
| Commerce | - | प्रमाणपत्र |
| Certificate | - | समाज विज्ञान |

**सूचना : 25 से 28 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।        (2×8=16)**

25. ज़मीन की रजिस्ट्री के दिन अपने पिता का दुख देखकर लेखक का मन संघर्ष से भरा । उस दिन लेखक अपने मित्र को एक लिखता हैं । वह  पत्र तैयार करें।

* ज़मीन नष्ट हो जाने का दुख।
* बेटी से बिछुडने की पीड़ा।
* आत्मसंघर्ष का अनुभव।

26. "केशतेल" - केशमित्र फार्मसी  की ओर से घने,लंबे,मज़बूत चम - चमाते बालों केलिए एक नया केशतेल बाज़ार में आया है।  संकेतों के आधार पर इसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

* बाल झटने से रोकें ।
* लंबे, काले और घने बाल ।
* बाल,सफेद होने से रोकें।
* गंजापन से मुक्ति ।

27. पति द्वारा उपेक्षित बुलाकी को राजवंती अपने यहाँ आश्रय देती है। संकेतों के आधार पर बुलाकी की आत्मकथांश तैयार करें।

* राजवंती के यहाँ आश्रय मिलना।
* राजवंती द्वारा कोठरी की चाबी पकड़ा जाना।
* जीवन भर चाबी न छीनने का वादा मिलना।

28. कवि अनंग जी के अंतिम क्षण आ पहूँचे। उस समय डॉक्टर, पत्नी और मित्र के बीच का वार्तालाप तैयार करें।

* कवि अनंग जी का अंतिम क्षण।
* पत्नी का दुख।
* मित्र का वचन ।

*******************************************

Prepared by
Nisha V Nair, GHSS Areekode
Abdul Kareem DUHSS Panakkad
Meera Parseetha , St Gemmas HSS Malappuram
Bindhu K , Ramanattukara HSS , Ramanattukara
Sindhu P M , GHSS Pandikkad
Preetha D B, GRHSS Kottakkal
Jayaletha V S < PTM HSS Thazhekkode
Preethi CG, GHSS Kottappuram
Sajna V P , GHSS Pang
Divya P ,Tharakan HSS Angadipuram